बिहार सरकार

**अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग**

सं0सं0–06 / निदे0 (थरूहट)–22–01 / 2021– 37

प्रेषक,

**सरकार के सचिव**

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
बीरचन्द्र पटेल पथ, पटना

पटना, दिनांक– 12/05/2026

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए राज्य स्कीम के तहत समेकित थरूहट विकास अभिकरण के पदस्थापित पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए कुल 11.55 लाख (ग्यारह लाख पचपन हजार रू0) मात्र सहायक अनुदान–वेतन मद की राशि की निकासी की स्वीकृति।**

आदेश–स्वीकृत

स्वीकृत राशि बजट मुख्यशीर्ष–"2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़े वर्गो और अल्पसंख्यकों को कल्याण–02 अनुसूचित जनजातियों का कल्याण–796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना–0125–थरूहट क्षेत्र विकास के प्राथमिक ईकाइ 0125.3104–सहायक अनुदान–वेतन, विपत्र कोड–44,2225027960125 के अन्तर्गत विकलनीय है।

2– इस स्वीकृत राशि के लिए निकासी पदाधिकारी जिला कल्याण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया होंगे। जिला कल्याण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया, राशि की निकासी कर आवश्यकतानुसार समेकित थरूहट विकास अभिकरण, प0 चम्पारण, बेतिया के PL खाता संख्या–WCHPLA009 में उपलब्ध करायेंगे। स्वीकृत राशि का व्ययन पदाधिकारी परियोजना पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, प0 चम्पारण, बेतिया होंगे तथा इस योजना के नियंत्री पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया होंगे। जिला कल्याण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया, अभिकरण का अंकक्षेण प्रतिवेदन एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र अभिकरण से प्राप्त कर महालेखाकार, बिहार तथा विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

3– राशि की निकासी वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17–04–1998, वित्त विभाग के पत्रांक–235 / वि० दिनांक–01.04.2025 एवं समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्गत / अनुदेश के आलोक में किया जाएगा।

4– महालेखाकार, बिहार को इस राशि के व्यय से संबंधित अंकक्षेण करने का अधिकार होगा।

5– इस राशि की स्वीकृति आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–6 / निदे० (थरूहट)22–01–2021 के पृष्ठ– / टि० पर प्राप्त है।

6– इसकी सूचना संबंधित पदाधिकारियों को दी जा रही है।

7– कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना दी जाए।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

**सरकार के सचिव**

**ज्ञापांक**–सं0–6/निदे0(थरूहट)–22–01–2021– 37 **पटना, दिनांक**– 12/05/2026

**प्रतिलिपि**– वित्त विभाग, बजट शाखा/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/निदेशक, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग/जिला पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया/अपर सचिव, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग/प्रमंडलीय उप निदेशक (क0), तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/परियोजना पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, प0 चम्पारण, बेतिया/जिला कल्याण पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया/जिला कोषागार पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया/प्रभारी पदाधिकारी, बजट शाखा, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी–8 डी0/आई0टी0 मैनेजर, अनुसूचित जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव